# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)

Uttarakhand Open University

Teenpani Bypass, T. P. Nagar, Haldwani- 263139


**Ref. No. UOU/ अनु० /368** Date: 27/05/26

## कोटेशन नोटिस

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में निम्न कार्यों हेतु अनुभवी व सक्षम ठेकेदारों/फर्मों/एजेंसियों से सीलबंद लिफाफे में कोटेशन (दरें) आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक एवं पात्र फर्म/एजेंसी/ठेकेदार निम्न प्रारूप में अपनी दरें स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए दिनांक 03/06/26 को अपराह्न 03:00 बजे तक अपना कोटेशन सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से **"नाली मरम्मत एवं निर्माण कार्य हेतु कोटेशन"** अंकित किया जाना अनिवार्य होगा, जिसे **उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (अनुरक्षण अनुभाग)** में डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर (By Hand) निर्धारित समयावधि के भीतर उपलब्ध कराया जा सकता है।

निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण (Description of Item) | इकाई (Unit) | दर (Rate ₹) | कुल धनराशि (Amount) (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a) मिट्टी की खुदाई (Earth Work in Excavation): नाली की नींव के लिए मशीन या मैन्युअल तरीके से मिट्टी की खुदाई करना, तल को समतल करना और 50 मीटर तक निपटान करना। *(चौड़ाई 0.90m x गहराई 0.40m)* पी.सी.सी. कंक्रीट (PCC Work 1:4:8): नींव में 1:4:8 (1 सीमेंट : 4 मोटा रेत : 8 ग्रेडेड स्टोन एग्रीगेट 40 मिमी) के अनुपात में 4 इंच मोटा बेस कंक्रीट डालना।<br>b) ईंट की चिनाई (Brick Work in Foundation): सीमेंट मोर्टार 1:4 (1 सीमेंट : 4 मोटा रेत) में 7.5 श्रेणी की ईंटों के साथ नींव में 9 इंच मोटी चिनाई करना। *(2 दीवारें x मोटाई 0.23m x ऊंचाई 0.30m)*<br>c) सीमेंट प्लास्टर एवं घुटाई (12mm Cement Plaster): नाली के अंदर के हिस्से और ऊपरी किनारों पर 1:3 (1 सीमेंट: 3 मोटा रेत) का 12 मिमी मोटा प्लास्टर करना और खालिस सीमेंट (Neat Cement) की ऊपरी घुटाई सहित तैयार करना। | मीटर | | |
| 2. | a) एम.एस. ग्रेटिंग कवर (M.S. Grating with Frame): नाली के कुछ हिस्से को कवर करने के लिए एम.एस. एंगल और फ्लैट्स से निर्मित हेवी-ड्यूटी ग्रेटिंग/जाल (Gratings, frames, guard bar) लगाना। इसमें वेल्डिंग, कटिंग, फिक्सिंग और प्राइमर का एक कोट शामिल है। | किलो | | |
| | **कुल योग** | | | |

**नियम और शर्तें (Terms and Conditions)**

1. दर बिना GST के उद्धृत करनी होगी। जीएसटी को अलग से स्पष्ट रूप से दर्शाई जानी चाहिए।
2. कोटेशन में दर्शाई गई दरें समस्त सामग्री, श्रम, उपकरण, परिवहन, लोडिंग-अनलोडिंग, सुरक्षा उपाय एवं अन्य सभी प्रासंगिक व्ययों सहित पूर्ण एवं अंतिम मानी जाएंगी।
3. प्रयुक्त सामग्री/ सेवाएं उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। कार्य में किसी भी प्रकार की घटिया सामग्री/सेवाएं, दोषपूर्ण कारीगरी या निर्धारित विनिर्देशों से विचलन पाए जाने पर कार्य अस्वीकार किया जाएगा तथा तथा सुधारीकरण ठेकेदार द्वारा अपने खर्च पर कराया जाएगा।
4. कार्य का आदेश जारी होने की तिथि को शामिल करते हुए अधिकतम 2 दिन के भीतर कार्य प्रारंभ करना होगा, तथा कार्यादेश की तिथि से 10 दिवस के भीतर सभी कार्य पूरे करने होंगे ऐसा ना होने पर कार्यादेश स्वतः ही रद्द माना जायेगा।
5. निविदा का मूल्यांकन कार्य / सामग्री की कुल राशि पर ही किया जाएगा।
6. फर्म का में GST पंजीकरण अनिवार्य है। प्रमाण पत्र संलग्न करें।
7. क्रय समिति मार्केट सर्वे के आधार पर ही दरों का सत्यापन कर अंतिम निर्णय लेगी।
8. भुगतान कार्य निर्धारित मानकों व गुणवत्ता का पाए जाने के उपरांत किया जाएगा।
9. फर्म को किए गए कार्य की **न्यूनतम एक वर्ष की गारंटी** देनी होगी। अंतिम बिल (Final Bill) से कुल देय राशि का **5%- 10 %** सुरक्षा राशि (Security Deposit) के रूप में रोका जाएगा।

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University
Teenpani Bypass, T. P. Nagar, Haldwani- 263139


**Ref. No. UOU/ अनु० /** 368 **Date:** 27/05/26

10. कार्य पूर्ण होने की तिथि से **01 वर्ष की अवधि डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड (DLP)** मानी जाएगी। इस अवधि के दौरान यदि किसी प्रकार की टूट-फूट, खराबी अथवा गुणवत्ता संबंधी कमी पाई जाती है, तो फर्म द्वारा उसे **अपने खर्च पर तत्काल ठीक करना अनिवार्य होगा।** सुरक्षा राशि डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड की अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात ही अवमुक्त की जाएगी।
11. कार्य/ सेवाएं समय पर एवं गुणवत्ता के साथ करना अनिवार्य होगा। आंशिक, अपूर्ण अथवा असंतोषजनक कार्य/ सेवाएं की स्थिति में विश्वविद्यालय को भुगतान रोकने अथवा कटौती करने अथवा प्रतिबंधित/ ब्लैकलिस्टेड करने का पूर्ण अधिकार होगा।
12. ठेकेदार कार्यस्थल पर अपने श्रमिकों की सुरक्षा, बीमा एवं श्रम कानूनों के अनुपालन हेतु पूर्ण रूप से स्वयं जिम्मेदार होगा। किसी भी दुर्घटना/हानि के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
13. दरें उपलब्ध करने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अनिवार्य है अतः कार्य के विवरण और स्थान के निरीक्षण के लिए, इच्छुक ठेकेदार कार्य दिवसों में अनुरक्षण अनुभाग से संपर्क करें। इच्छुक ठेकेदार को स्कोप ऑफ वर्क की जानकारी का सहमति प्रमाणन अनुरक्षण अनुभाग में करना होगा अन्यथा फर्म कि दरों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
14. कार्य की गुणवत्ता विश्वविद्यालय/अनुरक्षण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई जाने पर ही भुगतान किया जाएगा।
15. कार्य के दौरान विश्वविद्यालय की संपत्ति को हुई किसी भी क्षति की पूर्ण भरपाई ठेकेदार द्वारा की जाएगी।
16. कोटेशन नोटिस मात्र दरों की जानकारी हेतु जारी किया जा रहा है। फर्म यह सुनिश्चित कर ले कि इस आधार पर क्रयादेश/ कार्यादेश पाने का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
17. विश्वविद्यालय को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी कोटेशन को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा तथा इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**फर्म प्रतिनिधि का नाम व हस्ताक्षर:**.......................................................................................................

- फर्म का नाम: ...............................................................(GST Number)..........................................
- फर्म का पता: ...........................................................................................................................
- फर्म का संपर्क नंबर (Mobile): ..................................................................................................
- फर्म की ईमेल आईडी (Email ID): ...........................................................................................
- फर्म की मुहर (यदि हो तो): ......................................................................................................

**अध्यक्ष, केंद्रीय क्रय समिति**
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—

5. कुलपति जी के वैयक्तिक अधिकारी को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
6. कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
7. प्रभारी आई.सी.टी अनुभाग को कोटेशन नोटिस विश्वविद्यालय की वेबसाइट मे अपलोड करने हेतु।
8. सहायक कुलसचिव, क्रय/ अनुरक्षण, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

**अध्यक्ष, केंद्रीय क्रय समिति**
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

आपके पत्र संख्या यू०ओ०यू०/पब्लिक मेंटेनेंस/520 दिनांक ......... के क्रम में सादर निम्नांकित आख्या प्रस्तुत है—